


## एक नजर में

### दिव्यागजनों एवं वृद्धजनों हेतु उपकरण चयन शिविर का आयोजन 22 से

**राजगढ़ 20 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग राजगढ़ द्वारा एलिम्को उज्जैन के सहयोग से एडिप एवं वयोश्री योजनांतर्गत दिव्यागजनों एवं वृद्धजनों हेतु उपकरण चयन शिविर का आयोजन जिले की समस्त विकासखंडों में किया जा रहा है. जिसमें जनपद पंचायतवार आयोजन किए जाएंगे. साथ ही 22 दिसम्बर, को जनपद पंचायत खिलचीपुर में, 23 दिसम्बर को जनपद पंचायत ब्यावरा में, 24 दिसम्बर को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में, 26 दिसम्बर को जनपद पंचायत राजगढ़ में, 27 दिसम्बर को जनपद पंचायत जीरापुर में तथा 29 दिसम्बर को जनपद पंचायत सारंगपुर में आयोजन किया जाएगा. शिविर आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य है कि शिविर में अधिक से अधिक हितग्राही आए और सभी हितग्राहियों का उपकरण के लिए चयन हो सके, कोई भी हितग्राही छूटे ना.

### करणी सेना का जन क्रांति न्याय आंदोलन आज हरदा में

**जीरापुर 20 दिसम्बर, सं.** जन क्रांति न्याय आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने हेतु ,ओड राजपूत समाज एवं श्री राष्ट्रीय जसमा सेना परिवार करणी सेना परिवार और सर्व समाज द्वारा आगामी 21 दिसंबर को मध्यप्रदेश के हरदा की पावन धरा पर आयोजित होने वाले जन क्रांति न्याय आंदोलन का नैतिक और धरातलीय रूप से पूर्ण समर्थन करती है. न्याय, सम्मान और उज्वल भविष्य के संकल्प व सनातन की रक्षा करने वाले पुजारीयो की आवाज उठाने और धर्म रक्षा का बिगुल आपने फूंका है, उसमें हमारा समाज कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ खड़ा है. समाज की एकता और न्यायोचित अधिकारों की रक्षा के लिए आपके संघर्ष में साथ है. हमारे संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस आंदोलनमें समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण, ओड राजपूत समाज समस्त कार्यकर्ता श्री राष्ट्रीय जसमा सेना परिवार के प्रमुख बालू सिंह सोलंकी ,मनोज सिंह पंवार सहित अन्य सदस्यों ने की.

### हिन्दू सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन

**खिलचीपुर 20 दिसम्बर, सं.** मंडल सभा संपन्न खंड खिलचीपुर मंडल सेमली कला में संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त हिंदू सम्मेलन हेतु संपूर्ण कार्य योजना के साथ दिनांक 22,1, 2026 को मंडी प्रांगण सेमली कला में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. बैठक में विभाग मुख्य मार्ग प्रमुख प्रकाश गहलोत उपस्थित रहे. बैठक में हिंदू सम्मेलन समिति संयोजक दरियाव सिंह कुमारा आयोजन समिति संयोजक सज्जन सिंह परिहार सेमली कला सचिव चंदर सिंह शिक्षक पूरा कुमारा बनाए गए.


### ड्रायवर एव कर्मचारी चाहिए

1-ड्रायवर दवाखाने की साफ सफाई कर 9 से 7 बजे तक बैठना है. वेतन 8000 रूपए प्रतिमाह.
2-कर्मचारी चाहिए दूसरे दवाखाने में साफ सफाई कर बैठना है, समय 9 से 7 बजे तक, वेतन 6000 रूपए प्रतिमाह
-सम्पर्क करें-
डॉ सोनी, ब्यावरा.
मोबा-9981885388


# बच्चों के साथ दादा-दादी भी स्कूल आएं

## केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने ब्यावरा में कार्यक्रम को संबोधित किया

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 20 दिसम्बर, का. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में अंतर पीढ़ी गत संबंधों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय प्रोग्रेसिव हाइट्स में किया गया. इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि बहुत पहले सामुहिक परिवार हुआ करते थे. चार भाईयों के परिवार में चूल्हा एक जलता था और चारों भाईयों की घर-परिवार के प्रति जवाबदारी बंटी रहती थी.**

जैसे जैसे पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव आया हम एकल परिवार की तरफबढ़ते चले गये. हमें इस दिशा में जाना चाहिए कि बच्चों का दादा दादी के साथ नाना-नानी के साथ आत्मीय संबंध हो.

बच्चें उनके माता-पिता की व्यस्तता के बीच अपने दादा-दादी से मिलकर जब स्कूल के घटनाक्रमों से अवगत कराते है तो दोनो के बीच जो भरोसा, प्रेम-विश्वास दिखता है वह अद्भुत होता है. एकल परिवार की परंपरा पश्चिम देशो से निकलकर भारत के बड़े और अब छोटे शहरों तक पहुंच गई है. यह बहुत चिंताजनक और अपनी संस्कृति के विपरीत है.

आपने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को अपने दादा-दादी के साथ बैठकर उनसे संवाद करना चाहिए. इससे वृद्धजनों और नई पीढ़ी के जीवन में ऊर्जा का संचार होता है. उन्होंने शिक्षा विभाग, स्कूल संचालकों से आह्वान किया कि पेरेंट्स मिटिंग की तरह वे साल में एक दिन बच्चों के साथ उनके दादा दादी या नाना नानी जो है उनको लेकर आने का प्रोग्राम रखे. आप कल्पना करें कि किस प्रकार बच्चा उनकी उंगली पकड़ कर विद्यालय में दादा-दादी को घुमाएगा और खुद प्रसन्न होगा और उन्हें भी प्रसन्नचित कर देगा. आपने जिला कलेक्टर व सभी जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे इस प्रकार का कार्यक्रम वर्ष में एक बार जिले के कस्बों, नगरों में करें.

इसी प्रकार 70 वर्ष से अधिक के वृद्धजनों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के लिये शिविर लगाएं और उन्हें इसका लाभ दिलाएं. आपने कहा कि वर्ष में एक बार वृद्ध दिवस मनाना की परिकल्पना पश्चिम की है. हम तो जीवन पर्यंत बुजुर्गों का सम्मान करने वाले लोग है. यह हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है. हम माता-पिता को प्रणाम कर अपना सीधा परमात्मा से जोड़ लेते है.



### वृद्धाश्रम की जगह अनाथालय हो

सांसद रोडमल नागर ने अपने संबोधन में कहा कि यह नरेंद्र मोदी के जमाने का भारत है. इसमें विकास के साथ विरासत, संस्कार की भी चिंता की जा रही है. आज का यह आयोजन इसी की कड़ी है. इसके माध्मय से नई पीढ़ी को पुराने अनुभव और मागर्दशन बताने का अनोखा प्रयास है. सांसद श्री नागर ने कहा कि सभी जानते है कि किसी भी पिता के लिये बेटे-बेटी मूलधन है लेकिन उनके नाती-पोते ब्याज है. इसलिये वृद्धजनों को दादा-दादी को अपने ब्याज से बहुत प्रेम रहता है. सांसद श्री नागर ने इस अवसर पर कहा कि वृद्धाश्रम के स्थान पर अनाथालय शब्द का प्रयोग होना चाहिए .इससे उन निष्ठुर बच्चों के मन में भी एक बार विचार आयेगा कि हमारे माता-पिता हमारे जीते जी अनाथ कैसे हो सकते है. इससे उन्हें सामाजिक तिरस्कार का भी सामना करना पड़ेगा. बेहतर होगा अगर हम वृद्धाश्रम को अनाथालय बोले. जो वास्तविकता में अनाथ है उनका तो समाज, सरकार चिंता करती है लेकिन वो लोग जो अपने माता-पिता को वृद्धाश्रम छोड़ जाते है उनको यह नाम सोंचने को विवश करेगा.

#### वृद्धजन के लिये हेल्पलाइन नंबर 14567

आपने कहा कि केन्द्र सरकार ने वृद्धजनों को उनके साथ हो रहे समाज, परिवार में अनुचित व्यवहार के लिये अथवा किसी प्रकार की मदद के लिये एक हैल्प लाइन नंबर - 14567 जारी किया है. वे इस पर फोन कर अपने साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार की शिकायत कर सकते है. मंत्री श्री कुमार ने कई वरिष्ठजनों को मंच पर बुलाकर उनके अनुभव जाने और बाद में उनका शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया. इसी अवसर पर मंत्री वीरेंद्र कुमार द्वारा दिव्यांगजनों को उपकरणों का वितरण भी किये गये.

### वृद्धाश्रम में जाकर मनाएं जन्मदिन, पुण्यतिथि

केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि हम उन लोगो के साथ अपना समय बिताएं जो वृद्धाश्रम में रहने को मजबूर है. हमें अपना और अपनों का जन्मदिन, अपने वृद्धजनों की पुण्यतिथि इन्हीं आश्रम में जाकर उनके साथ मनाना चाहिए. इससे उनको भी अच्छा लगेगा और उनका आशीर्वाद भी हमें मिलेगा. आपने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठकर उनके जीवन के अनुभव, रोचक किस्से और मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिये भी कार्यक्रम होने चाहिए.

कार्यक्रम में खिलचीपुर विधायक हजारी लाल दांगी, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, एसडीएम ब्यावरा गोविंद दुबे, एसडीएम राजगढ़ श्रीमति निधि भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

### राज्यमंत्री पंवार ने रखी क्षेत्र के विकास की मांग

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार के आगमन को नगर का शौभाग्य बताते हुए कहा कि उनके मन में जो वद्धजनों के प्रति सम्मान और उनके लिये कुछ बेहतर करने का जज्बा है वह अनुकर्णीय है. आपने उनसे अपने मंत्रालय के माध्यम से ब्यावरा नगर में विकास के लिये कुछ सौगात देने का आह्वान किया. इसमें ब्यावरा में वृद्धाश्रम की स्वीकृति, मानसिक रूप से अविकसित दिव्यांगजनों को स्थाई रूप से अविलंब प्रमाण पत्र दिये जाने, सामाजिक न्याय विभाग जिला राजगढ़ के कार्यालय भवन की स्वीकृति, ब्यावरा नगर में प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र तथा डे-केयर सेंटर खोलने की मांग की.

### जितनी मेरी आयु उतना उनका संसदीय अनुभव

कार्यक्रम में मौजूद राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार के स्वागत में कहा कि आप बड़े धीर-गंभीर और अनुभवी नेता है. उन्होंने कहा कि जितनी मेरी राजनीतिक आयु है उससे ज्यादा उनको संसदीय कार्य करने का अनुभव है. आप आठ बार सांसद का चुनाव जीतकर सबसे वरिष्ठ सांसदों में शामिल है.



# अधिक दाम पर किसानों को बेच रहे थे यूरिया

## दुकान सील कर विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 20 दिसम्बर, का. जिले में यूरिया को लेकर संकट कम नहीं हो रहा है. प्रशासन द्वारा पर्याप्त आपूर्ति के बाद भी वितरक किसानों को अधिक दरों पर यूरिया बेच रहे है.** बीते 19 दिसम्बर को किसानों द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर पवन कृषि सेवा केंद्र खुजनेर में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं उपसंचालक कृषि सचिन जैन के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के सहायक संचालक कृषि पीएस बारेला एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विशाल भालसे द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई. जिसमें यूरिया का निर्धारित मूल्य 266.50 रुपए से अधिक दर पर बेचना एवं यूरिया उर्वरक के साथ अन्य गैर अनुदानित उर्वरकों के टेकिंग का मामला सही पाया गया.

कृषकों द्वारा बताया गया की विक्रेता द्वारा किसी भी सामग्री का देयक नहीं दिया जा रहा है. कृषक धर्मेन्द्र यादव निवासी खुजनेर को यूरिया के 2 बेग 1 हजार रूपये में दिए गए एवं पोश मशीन में एंट्री भी नहीं की गई. प्राप्त शिकायतो का मौके पर पंचनामा बनाकर कृषको से कथन लिए गए एवं शेष बचे उर्वरक के भण्डारण को सील कर अग्रिम कार्यवाही हेतु कलेक्टर डॉ. मिश्रा के समक्ष पेश किया गया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा उर्वरक विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया. जिसके पश्चात् कृषि विभाग के द्वारा एफआईआर दर्ज की गई.

### सांड के हमले में बुजुर्ग महिला घायल

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 20 दिसम्बर, का.** राहगीरों और सड़क से गुजरने वालों के लिए आवारा मवेशी मुसीबत बन रहे है. मामला नगर के इंदौर नाका क्षेत्र में सामने आया. शनिवार की दोपहर के समय आवारा सांडों के संघर्ष में एक बुजुर्ग महिला चपेट में आ गई और काफी घायल हो गई. 60 वर्षीय कमला बाई दांगी अपने बेटे रामेश्वर दांगी के साथ ईलाज के लिए एक क्लिनिक पर आ रही थी उसी दौरान वे आवारा सांडों के हमले में जख्मी हो गई. पूरा वाक्या क्लीनिक के सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हुआ.

# अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे स्वदेशी उत्पाद


## ब्यावरा में निकली स्वदेशी अपनाओ यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 20 दिसम्बर, का.** नगर में शनिवार को कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (ष्ट्वढ्ढञ्) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी अपनाओ यात्रा निकाली गई. यह यात्रा प्रदेशभर में आयोजित की जा रही है, जिसके क्रम में आज ब्यावरा नगर में इसका आगमन हुआ. यात्रा का स्वागत मध्यप्रदेश शासन के माननीय राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार जी द्वारा किया गया. इस अवसर पर नगर के व्यापारी बंधु, स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. माननीय मंत्री जी सहित सभी उपस्थितजनों ने स्वदेशी जागरण रथ के साथ ब्यावरा के मुख्य बाजारों में भ्रमण कर आमजन को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा इसके लाभों की जानकारी दी.

यात्रा शहर के विभिन्न बाजारों से होती हुई पीपल चौराहे पर संपन्न हुई. समापन अवसर पर माननीय मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अपने संबोधन में कहा कि देश में निर्मित उत्पादों का उपयोग करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और रोजगार के अवसर बढ़ते हैं.

उन्होंने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में अपना माल बेचकर धन विदेशों में ले जाती हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक को भारत में बने उत्पादों का ही उपयोग करना चाहिए. इस अवसर पर के जिला अध्यक्ष रमेश जैन एवं प्रदेश महामंत्री संपत मोदानी ने यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी व्यापारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया तथा माननीय मंत्री जी का यात्रा में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया.



### प्रसिद्ध संत हरिओम तत्सतजी महाराज की पुण्यतिथि पर शोभायात्रा 28 को

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 20 दिसम्बर, का.** अंचल के प्रसिद्ध संत हरिओम तत्सतजी महाराज की पुण्यतिथि पर आगामी 28 दिसम्बर को शोभायात्रा और चरण पूजा का आयोजन किया जाएगा. आयोजन समिति हरिओम तत्सतजी महाराज सत्संग मण्डली राजगढ़ की ओर से आनंद त्रिपाठी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आगामी 28 दिसम्बर रविवार के दोपहर 3 बजे नगर के बड़ा सत्यनारायण मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी. साथ ही चरण पूजा भी की जाएगी.

# कौशल आधारित पाठ्यक्रम भविष्य की जरुरत

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 20 दिसम्बर, का. उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संचालित कॉलेज चलो अभियान नई शिक्षा, नई उड़ान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालीपीठ में एक प्रेरक एवं जानकारीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. वीबी खरे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें उच्च शिक्षा के विविध अवसरों से अवगत कराया गया. कार्यक्रम में डॉ. राहुल भैसानिया ने विद्यार्थियों को स्नातक स्तर पर उपलब्ध बीए, बी.कॉम एवं बीएससी के विभिन्न विषयों तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एमए, एम.कॉम और एमएससी पाठ्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी. विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, कौशल आधारित पाठ्यक्रमों तथा उच्च शिक्षा में उपलब्ध नवीन संभावनाओं से परिचित कराया गया. डॉ. बी.एल. वर्मा ने मध्यप्रदेश शासन की छात्र हितैषी योजनाओं—गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, एकीकृत छात्रवृत्ति योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप, मुख्यमंत्री मेधावी छात्र योजना, एससी-एसटी-ओबीसी विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति, आवास भत्ता सहायता योजना एवं नि:शुल्क पुस्तक व स्टेशनरी सुविधा—की विस्तृत जानकारी दी.




अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, विशाल इनडोर- आउटडोर स्टेडियम, सभागार, एम.पी. भोज विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र, एनएसएस इकाइयां, करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ, करियर मेले, यूपीएससी/ एमपीपीएससी/ पीईबी की नि:शुल्क कोचिंग, स्मार्ट क्लासेस, ओपन जिम तथा छात्र-छात्राओं हेतु छात्रावास सुविधाएं प्रमुख रही. कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का दल सदस्यों ने संतोषजनक समाधान किया.

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की प्राचार्या सुश्री हेमा कुशवाह एवं समस्त विद्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा. विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से देखने को मिला.


एन बी सी सी NBCC A Navratna CPSE
ASPIRE

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री



एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट



एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट



एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट



एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.12.2025
ई-नीलामी 29.12.2025 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
7 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
या कॉल करें : 9772907414

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें: